भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-**1788

उत्तर देने की तारीख-10.03.2025

**आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा)**

†**1788. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में शिक्षा संबंधी संकेतकों जैसे हाई स्कूल नामांकन दर, बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर और साक्षरता दर से संबंधित आंकड़ों का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ख) शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों की पहचान करने के लिए क्या मानदंड अपनाए जाते हैं और क्या इन मानदंडों को समय-समय पर अद्यतन किया जाता है, यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश में शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) कार्यक्रम के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में आदर्श डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना के लिए चयनित जिलों, अनुमोदन की तिथि और उनकी वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में आदर्श डिग्री महाविद्यालयों के सृजन और अन्य अवसंरचना सुधारों के लिए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत आबंटित, जारी की गई और उपयोग की गई कुल निधियों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या आन्ध्र प्रदेश में, विशेषकर शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में अतिरिक्त जिलों को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने के लिए कोई प्रस्ताव लंबित है और इस पहल के विस्तार के लिए सरकार की क्या योजनाएं हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क): आंध्र प्रदेश के स्कूल नामांकन, बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर, जीईआर और साक्षरता दर के ब्यौरे अनुलग्नक-I में दिए गए हैं।

(ख) और (ग): सरकार ने शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि हेतु 12,926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय से प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के रूप में जून 2023 में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तीसरे चरण का

शुभारंभ किया है। पीएम-उषा के तहत, वरीय जिलों को प्राथमिकता दी जाती है। वरीय जिलों की पहचान संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा निम्न सकल नामांकन अनुपात, लिंग समानता, जनसंख्या अनुपात और महिलाओं, ट्रांसजेंडरों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के नामांकन अनुपात, आकांक्षी/सीमावर्ती क्षेत्र/वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त जिले आदि सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर की जाती है।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) 1.0 के अंतर्गत, प्रकाशम, कुरनूल, पूर्वी गोदावरी और पश्चिमी गोदावरी जिलों में 4 मॉडल डिग्री कॉलेजों (एमडीसी) और विजयनगरम तथा श्रीकाकुलम जिलों में 2 एमडीसी को क्रमशः दिनांक 06.11.2013 को आयोजित पहली परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) बैठक और दिनांक 27.03.2015 को आयोजित छठी पीएबी बैठक के दौरान अनुमोदित किया गया। रूसा 2.0 के अंतर्गत, दिनांक 25.05.2018 को आयोजित 12वीं पीएबी बैठक के दौरान जिला वाई एस आर और विशाखापत्तनम में 2 और एमडीसी को स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत उपर्युक्त सभी 8 एमडीसी कार्यात्मक हैं।

(घ) और (ङ): वर्ष 2013 में रुसा की शुरुआत के बाद से, आंध्र प्रदेश में पीएम-उषा के तहत 33 इकाइयों सहित 166 इकाइयों को मंजूरी प्रदान की गई है, जिसमें मॉडल डिग्री कॉलेजों के निर्माण और बुनियादी ढांचे में अन्य सुधारों सहित योजना के विभिन्न घटकों के तहत 734.23 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता शामिल है। राज्य को विगत पांच वर्षों और चालू वित्त वर्ष अर्थात वर्ष 2019-20 से वर्ष 2024-25 (दिनांक 05.03.2025 की स्थिति के अनुसार) के दौरान जारी 89.75 करोड़ रुपये सहित अब तक 339.24 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। चालू वित्त वर्ष में राज्य को 19.50 करोड़ रुपए की राशि संस्वीकृत की गई है, जिसमें से राज्य द्वारा अब तक 1.03 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं। आंध्र प्रदेश राज्य ने 13 जिलों को वरीय जिलों के रूप में चिन्हित किया है। पीएम-उषा के विभिन्न घटकों के तहत राज्य द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों को विचार और अनुमोदन हेतु पीएबी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। शिक्षा मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

**<u>अनुलग्नक-I</u>**

**माननीय संसद सदस्य श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी द्वारा 'आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा)' के संबंध में दिनांक 10/03/2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1788 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

## आंध्र प्रदेश के स्कूल नामांकन, ड्रॉपआउट दर, जीईआर और साक्षरता दर का विवरण

### 1. आंध्र प्रदेश का जिला-वार नामांकन

| **जिला** | **नामांकन (पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 12)** |
|---|---|
| अनकापल्ली | 264828 |
| अनंतपुर | 442869 |
| अन्नमय्या | 296761 |
| एएसआर | 196040 |
| बापतला | 211903 |
| चित्तूर | 290941 |
| पूर्वी गोदावरी | 322998 |
| एलुरु | 330731 |
| गुंटूर | 389290 |
| कड़पा | 367129 |
| काकीनाडा | 368895 |
| कोनासीमा | 251361 |
| कृष्ण | 287313 |
| कुरनूल | 550383 |
| मन्याम | 143179 |
| नांदयाल | 353422 |
| नेल्लौर | 416186 |
| एनटीआर | 409505 |
| पलनाडु | 355568 |
| प्रकाशम | 392480 |
| श्री सत्यसाई | 282768 |
| श्रीकाकुलम | 350094 |
| तिरुपति | 401202 |
| विशाखापत्तनम | 473736 |
| विजयनगरम | 295323 |
| पश्चिम गोदावरी | 296980 |

स्रोत- यूडाइज़+ 2023-24

## 2. आंध्र प्रदेश की जिला-वार ड्रॉपआउट दर

| जिला | ड्रॉप आउट दर | | |
|---|---|---|---|
| | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | माध्यमिक |
| अनकापल्ली | 1.5 | 2.2 | 22.4 |
| अनंतपुर | 1.0 | 2.0 | 15.1 |
| अन्नमय्या | 0.1 | 2.2 | 21.0 |
| एएसआर | 2.0 | 3.5 | 20.7 |
| बापतला | 2.8 | 3.9 | 25.6 |
| चित्तूर | 2.7 | 2.6 | 19.6 |
| पूर्वी गोदावरी | 0.0 | 0.0 | 6.8 |
| एलुरु | 1.4 | 2.9 | 18.3 |
| गुंटूर | 0.0 | 0.0 | 2.1 |
| कड़पा | 0.7 | 3.5 | 19.6 |
| काकीनाडा | 0.5 | 1.9 | 16.1 |
| कोनासीमा | 1.2 | 2.2 | 17.1 |
| कृष्ण | 0.0 | 0.0 | 0.7 |
| कुरनूल | 0.0 | 0.0 | 8.8 |
| मन्याम | 0.8 | 1.8 | 15.4 |
| नांदयाल | 0.0 | 0.0 | 7.7 |
| नेल्लौर | 0.2 | 1.2 | 5.0 |
| एनटीआर | 0.0 | 1.4 | 0.0 |
| पलनाडु | 0.5 | 1.6 | 20.7 |
| प्रकाशम | 1.0 | 3.1 | 20.4 |
| श्री सत्यसाई | 1.2 | 3.3 | 27.1 |
| श्रीकाकुलम | 0.2 | 1.4 | 19.4 |
| तिरुपति | 0.0 | 0.9 | 2.3 |
| विशाखापत्तनम | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| विजयनगरम | 0.0 | 1.5 | 14.2 |
| पश्चिम गोदावरी | 0.0 | 0.7 | 6.9 |

स्रोत- यूडाइज़+ 2023-24

## 3. आंध्र प्रदेश और भारत का जीईआर

| जीईआर | माध्यमिक (9-10) | | | उच्च माध्यमिक (11-12) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बालक | बालिकाएँ | योग | बालक | बालिकाएँ | योग |
| आंध्र प्रदेश | 96.9 | 94.8 | 95.9 | 62.9 | 67.9 | 65.4 |
| भारत | 76.8 | 78 | 77.4 | 54.4 | 58.2 | 56.2 |

स्रोत- यूडाइज़+ 2023-24

## 4. आंध्र प्रदेश एवं भारत की साक्षरता दर

| साक्षरता दर | पुरुष | महिला | व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 78.8 | 66.8 | 72.6 |
| भारत | 87.2 | 74.6 | 80.9 |

स्रोत- पीएलए फएस 2023-24(एन एसएस, एमओएसपीआई)